MOUNT CARMEL INTERNATIONAL SCHOOL, AKOLA

Cambridge International

TERM END EXAM: II | Subject: Hindi | Date: 03.04.2024

Student's Name: ______________________________ Roll No. ______ Grade: 5

Marks: 35 | Time: 90 minutes | Invigilator's Sign.

प्रश्न १ अ) शब्दार्थ लिखिए | **(2)**

१. पंडित _________________ २. चेष्टा_________________

ब) निम्नलिखित शब्द-समूहों के लिए एक शब्द चुनकर लिखिए| **(2)**

१. मधु मक्खियों का घर - _________________ (ग्वाला / छत्ता)

२. शेर के रहने का स्थान - _________________ (गुफा / घोंसला)

क) सही या गलत लिखिए | **(2)**

१. प्रार्थना नियमित रूप से करनी चाहिए | _________________

२. संत कबीर पढ़े-लिखे थे | _________________

ड) निम्नलिखित उर्दू भाषा के शब्दों को उनके उचित विलोम से मिलाइए | **(2)**

१. खुशनसीब	बदहाल
२. खुशकिस्मत	बदरंग
३. खुशहाल	बदनसीब
४. खुशरंग	बदकिस्मत

प्रश्न २ अ) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया-विशेषण शब्द चुनकर लिखिए | **(2)**

१. वह भागते-भागते थक गया | ____________________

२. यह पाठ ध्यानपूर्वक पढो | ____________________

ब) अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कीजिए | **(2)**

१. गल्त - ____________________ २. त्यौहार - ____________________

क) सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान भरिए | **(2)**

१. ____________________चिन्ह दो तरह के होते हैं (लाघव / उद्धरण)

२. प्रश्न पूछने वाले वाक्य के अंत में ____________________ लगते हैं |

(कोष्ठक / प्रश्नवाचक)

ड) सही विरामचिन्ह लगाकर वाक्य फिर से लिखिए | **(1)**

१. डॉ मल्होत्रा आ गए हैं

____

इ) मुहावरों का उनके अर्थ से सही मिलान कीजिए | **(2)**

१. हवा से बातें करना	अ) प्रसन्न होना
२. चेहरा खिलना	ब) मुर्ख बनाना
३. उल्लू बनाना	क) बहुत तेज भागना
४. पेट में चूहे कूदना	ड) बहुत भूख लगना

ई) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए | **(8)**

(The extract is given on a separate paper)

१. किस शहर को गुलाबी नगर के नाम से जाना जाता है ?

____

२. 'गुलाबी शहर' यह नाम कैसे पड़ा ?

____

३. 'Capital" इस अंग्रेजी शब्द के लिए पर्यायवाची शब्द गद्यांश से ढूँढिए |

____

४. वर्णविच्छेद कीजिए |

अ. गुलाबी - ____

५. 'जयपुर' शहर की स्थापना कब और किसने की थी ?

____

६. रिक्त स्थान भरिए |

यह शहर तिन ओर से_______________पर्वतमाला से घिरा हुआ है |

७. वचन बदलिए |

अ. दरवाजा - _______________

८. लिंग बदलिए |

अ. महाराजा - _______________

प्रश्न ३ अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(2)**

१. संत कबीर का कोई भी एक दोहा लिखिए |

____

____

२. 'पिता का पत्र पुत्र के नाम' इस पाठ के अनुसार महात्मा गाँधी ने यह पत्र कहाँ से और किसको लिखा ?

____

ब) निम्नलिखित शब्द का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए | **(1)**

१. पाहन - ________________

____

क) निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए | **(5)**

(The extract is given on a separate paper)

१. सच्ची शिक्षा किसे कहा गया है ?

____

२. 'मौज-मस्ती' इस शब्द के लिए पर्यायवाची शब्द गद्यांश से लिखिए |

____

३. बच्चों को कब ज़िम्मेदारी और कर्तव्य का भान होना चाहिए?

____

४. रिक्त स्थान भरिए |

__________________ तुम्हे अपने जीवन में आगे चलकर बड़ी सहायक सिद्ध होगी |

५. 'पूर्वक' प्रत्यय लगा हुआ कोई भी एक शब्द गद्यांश से लिखिए |

ड) अपने मनपसंद त्योहार पर छह से आठ पंक्तियों का एक अनुच्छेद लिखिए | (2)

****

Extract (Grade 5)

प्रश्न २ ई)

जयपुर जिसे गुलाबी नगर के नाम से जाना जाता हैं, भारत में राजस्थान राज्य की राजधानी | इस शहर की स्थापना १७२८ में आमेर के महाराजा जयसिंह द्वितीय ने की थी| यह शहर चारों ओर से अरावली पर्वतमाला से घिरा हुआ है | शहर में प्रवेश के लिए सात दरवाजे हैं | पूरा शहर करीब छह भागों में बँटा है और यह १११ फुट चौड़ी सड़को से विभाजित है | जयपुर को आधुनिक शहरी योजनाकारों द्वारा सबसे नियोजित और व्यवस्थित शहरों में से गिना जाता है | देश के सबसे प्रतिभाशाली वास्तुकारों में इस शहर के वास्तुकार विद्याधर भट्टाचार्य का नाम सम्मान से लिया जाता है | १८७६ में तत्कालीन महाराजा सवाई रामसिंह ने इंग्लैंड की महारानी एलिज़ाबेथ और प्रिंस ऑफ़ वेल्स युवराज अल्बर्ट के स्वागत में पुरे शहर को गुलाबी रंग से रंगवाया था | उसी समय से इसका नाम गुलाबी शहर पड़ा |

प्रश्न ३ क)

केवल अक्षर-ज्ञान होना ही सच्ची शिक्षा नहीं होती | सच्ची शिक्षा तो चरित्र-निर्माण और कर्तव्य का बोध है | यदि दृष्टिकोण सही है, तो तुम सच्ची शिक्षा प्राप्त कर रहे हो | आजकल तुम्हे अपनी बीमार माँ की सेवा का अवसर मिला हुआ है | रामदास और देवदास को भी तुम सँभाल रहें हो | आमोद-प्रमोद एक निश्चित आयु तक ही शोभा देते है | बारह वर्ष की उम्र के बाद बच्चों को ज़िम्मेदारी और कर्तव्य का भान होना चाहिए | उन्हें अपने आचार और विचार में सत्य मन से विचारपूर्वक होना चाहिए | तुमने यदि सभी सद्गुणों को प्राप्त करने की चेष्टा की तो वे तुम्हारे लिए बहुत उपयोगी और मूल्यवान प्रमाणित होंगे | मुझे यह भी आशा है कि तुम रोज नियमपूर्वक प्रार्थना करते होंगे | सूर्योदय से पहले उठकर प्रार्थना करना बहुत ही अच्छा है | प्रयत्नपूर्वक एक निश्चित समय पर ही प्रार्थना करनी चाहिए | यह नियमितता तुम्हे अपने जीवन में आगे चलकर बड़ी सहायक सिद्ध होगी |

****

MOUNT CARMEL INTERNATIONAL SCHOOL, AKOLA

Cambridge International

TERM END EXAM: II Subject: Hindi (Listening Skill) Date: 03.04.2024

Student's Name: ______________________________ Roll No. ______ Grade: 5

Marks: 05 Time Duration: 15 minutes Invigilator's Sign.

श्रवण कौशल

प्रश्न ४ अ) कविता को सुनिए और दिए गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनिए | (5)

१. वन में कौन आया था ?

परी ☐ ऋषि ☐

२. खरगोश ने अपनी इच्छा क्या बतायी ?

उड़ने की ☐ दौड़ने की ☐

३. खरगोश के किस गुण के बारे में बताया गया है ?

तेज दौड़ने ☐ अधिक खाने ☐

४. अंत में खरगोश ने मन में क्या सोचा ?

मुझ जैसा कोई नहीं ☐ मुझ जैसे बहुत है ☐

५. खरगोश को कौन नहीं पकड़ पता ?

मित्र ☐ परी ☐

****